**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,**
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
**लखनऊ – 226010**

**संख्या- 25 /07/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2020-23/07-परीक्षा/2019**

लखनऊ : दिनांक : 15 फरवरी, 2023

**आवश्यक सूचना**

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के कुल 904 पदों पर चयन हेतु लिखित परीक्षा दिनांक 22.05.2022 को जनपद लखनऊ में आयोजित की गयी थी।

सूच्य है कि अपर निदेशक, राष्ट्रीय बचत, उ0प्र0, लखनऊ के अनुरोध के क्रम में मा0 आयोग के निर्णय के दृष्टिगत उक्त विभाग हेतु अधियाचित/ विज्ञापित 08 पदों को विभाग को मूल रूप में वापस कर दिया गया है। अतः अधियाचनकर्ता विभागों द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत रिक्त 896 पदों का विभागवार व श्रेणीवार (ई0डब्ल्यू0एस0 श्रेणी सहित) विवरण निम्नवत है:-

| क्र.सं. | विभाग का नाम | पदनाम | पदों की संख्या | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अन्य पिछड़ा वर्ग | ई0 डब्लू0 एस0 | कुल पद |
| 1 | महानिदेशक, परिवार कल्याण, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 284 | 60 | 21 | 193 | 62 | 620 |
| 2 | मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |
| 3 | महानिदेशक, संस्थागत वित्त, बीमा एवं वाह्य सहायतित परियोजना महानिदेशालय, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 4 | निदेशक अर्थ एवं संख्या प्रभाग, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 144 | 36 | 11 | 12 | 22 | 225 |
| 5 | मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, नगर एवं ग्राम नियोजन, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 17 | 04 | 00 | 06 | 02 | 29 |
| 6 | निदेशक मत्स्य, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 07 | 01 | 00 | 01 | 00 | 09 |
| 7 | महानिदेशक पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 |
| 8 | आयुक्त एवं निबंधक, सहकारिता, उ0प्र0, लखनऊ। | सहायक सांख्यिकीय अधिकारी | 07 | 01 | 00 | 00 | 00 | 08 |
| कुल पद | | | | | | | | **896** |

सूच्य है कि मूल अधियाचन में दिये गये क्षैतिज आरक्षणवार पदों की संख्या में किसी परिवर्तन की सूचना विभागों द्वारा उपलब्ध नहीं करायी गयी है। अतः क्षैतिज आरक्षणवार आरक्षित पदों की संख्या विज्ञापन के अनुसार यथावत है।

आयोग के विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत रिक्त उपर्युक्तानुसार 896 पदों के सापेक्ष लिखित परीक्षा के स्कोर के आधार पर श्रेणीवार 1.5 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 2248 अभ्यर्थियों का अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु परिणाम एवं कटआफ अंक मा0 आयोग के निर्णय दिनांक 15.02.2023 द्वारा अनुमोदित किया गया है। उक्त अभ्यर्थियों के अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु सूचना यथासमय पृथक से प्रकाशित की जाएगी।

**अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु अर्ह अभ्यर्थियों का उक्त परिणाम अन्तिम चयन परिणाम नहीं है। अतएव अर्हता/अभिलेख परीक्षण हेतु घोषित इस परिणाम में सम्मिलित होने के आधार पर अन्तिम चयन हेतु किसी प्रकार का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। चयन सम्बन्धी अन्तिम परिणाम अर्हता/अभिलेख परीक्षण के उपरांत यथासमय घोषित किया जायेगा।**

तदनुक्रम में अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि विज्ञापन संख्या-07-परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा-2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) के पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर उपरोक्तानुसार अर्हता/ अभिलेख परीक्षण हेतु चिन्हित 2248 अभ्यर्थियों का परिणाम तथा गोपन अनुभाग के पत्र संख्या-619/गोपन/01/7/2022/2023, दिनांक 15-02-2023 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से संबन्धित कट ऑफ अंक की तालिका (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट **http://upsssc.gov.in** पर अपलोड कर दी गयी है। सम्बन्धित अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के **Home Page** पर उपलब्ध **Results Segments** पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना ऑनलाइन परिणाम देख सकते हैं।

संलग्नक- यथोपरि।

15/02/2023

(अवनीश सक्सेना)

सचिव।

**उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
**पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर, लखनऊ।**
संख्याः–619 /गोपन/01/7/2022/2023
लखनऊः दिनांक 15 फरवरी, 2023

आयोग के विज्ञापन संख्या–07–परीक्षा/2019, सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) (सा0च0) प्रतियोगितात्मक परीक्षा–2019 के अंतर्गत विभिन्न विभागों के नियंत्रणाधीन सहायक सांख्यिकीय अधिकारी एवं सहायक शोध अधिकारी (सांख्यिकी) पदों हेतु लिखित परीक्षा के आधार पर अर्हता/अभिलेख परीक्षण के लिये चिन्हित अभ्यर्थियों का श्रेणीवार कट–ऑफ अंक निम्नवत हैः–

**लंबवत आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | लिखित परीक्षा के आधार पर कटऑफ अंक |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 46.25 |
| 2 | अनुसूचित जाति | 46.25 |
| 3 | अनुसूचित जनजाति | 10.50 |
| 4 | अन्य पिछड़ा वर्ग | 46.25 |
| 5 | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | 46.25 |

**क्षैतिज आरक्षण**

| क्रम सं० | श्रेणी | | लिखित परीक्षा के आधार पर कटऑफ अंक |
|---|---|---|---|
| 1 | स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित | | 42.50 |
| 2 | विकलांगजन | दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता | 21.75 |
| | | बधिर एवं श्रवण शक्ति में ह्रास | 15.00 |
| | | ओ0ए0 | 46.75 |
| | | ओ0एल0 | 47.50 |
| 3 | महिला | | 53.00 |
| 4 | सैन्य वियोजित/भूतपूर्व सैनिक | | 27.25 |

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।